# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कॉलेज फिरोजाबाद

(NAAC Accredited : B+ Grade)

सम्बद्ध: डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

## रैंजर्स वार्षिक रिपोर्ट

## सत्र- 2020–2021

डॉ0 फरहा तबस्सुम
एसोसिएट प्रोफेसर
(उर्दू विभाग)
रैंजर्स प्रभारी

# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद

-----------------------------------------------

## रिपोर्ट

## रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रवेश मूल्यांकन जॉच शिविर

**दिनांक : 18.02.2021 से 20.02.2021 तक**

**<u>सत्र 2020-21</u>**

महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फीरोजाबाद की लक्ष्मीबाई रेन्जर्स टीम का तीन दिवसीय प्रवेश मूल्यांकन जॉच शिविर दिनांक 18.02.2021 से 20.02.2021 तक महाविद्यालय परिसर में लगाया गया।

दिनांक 18.02.2021 को प्रथम दिवस में सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या जी ने माँ सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर स्काउट झण्डा फहराया। शिविर में प्रशिक्षक

श्री कोमल सिंह यादव (जिला संगठन कमिश्नर, स्काउट जनपद फीरोजाबाद) उपस्थित रहे। उन्होनें प्रार्थना, नियम, झण्डागीत, प्रतिज्ञा, टोली, प्रणाली, प्राथमिक चिकित्सा, ध्वजाशिष्टाचार, सैल्यूट, बायें हाथ का मिलान आदि के बारे में बताया।

दिनांकः 19.02.2021 को शिविर के द्वितीय दिवस में रेन्जर्स की छात्राओं ने यातायात रैली एवं जल संरक्षण रैली निकालकर समाज को जागरुक करने का कार्य किया। इसके अतिरिक्त रेंजर्स का प्रगतिशील प्रशिक्षण, गाठें बन्धन, वर्दी, तम्बू निर्माण, गैजेट्स कैम्पफायर हाईक खोज के चिन्ह के बारे में बताया गया।

दिनांकः 20.02.2021 को तृतीय दिवस में शिविर का आरम्भ प्रार्थना एवं झण्डागीत से हुआ। समापन के अवसर पर तम्बू निर्माण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं चौरी–चौरा शताब्दी समारोह पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता हुई। जिसके परिणाम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव ने घोषित किये। तम्बू निर्माण में लक्ष्मीबाई टोली ने प्रथम स्थान, मदर टेरेसा टोली ने द्वितीय स्थान एवं कल्पना चावला टोली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में मदर टेरेसा टोली ने प्रथम स्थान एवं किरन बेदी टोली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

निर्णायक मण्डल की भूमिका डॉ0 तुलसी देवी, डॉ0 रत्ना सक्सैना एवं डॉ0 निष्ठा शर्मा ने निभाई। तत्प्रश्चात् दीक्षा संस्कार का कार्यक्रम व ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ।

समापन के अवसर पर रेन्जर्स प्रभारी डॉ0 फरहा तबस्सुम ने महाविद्यालय की प्राचार्या जी, समस्त निर्णायक मण्डल, प्रशिक्षक श्री कोमल सिंह यादव, ऐश्वर्या एवं रामबाबू बघेल आदि को धन्यवाद ज्ञापित किया। रेन्जर्स का तीन दिवसीय प्रवेश मूल्यांकन जॉच शिविर कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

सत्र 2020–21 में कोविड–19 की महामारी के कारण समागम आदि गतिविधि सम्पन्न नहीं हुई।

15/4/2021

(डॉ. निर्मला यादव)
अध्यक्षा
प्राचार्या महाविद्यालय
Principal
M.G.B.V. (P.G.) College
Firozabad

15-4-2021

(डॉ. फरहा तबस्सुम)
एसोसिएट प्रोफेसर
उर्दू विभाग/रेन्जर्स प्रभारी